# इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून

## (IGNOU REGIONAL CENTRE DEHRADUN)

## नोटिस (05.05.2020)

## सूचना प्रौद्योगिकी / ऑनलाइन साधनों से अध्ययन कार्य जारी रखने के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण दिशा निर्देश।

## Important guidelines to carry out studies through ICT/Online Resources)

**प्रिय शिक्षार्थी**

**जैसा कि आप लोग जानते हैं कि वर्तमान में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम हेतु देश भर में 17 मई 2020 तक सभी शैक्षणिक संस्थान बंद है। इस दौरान इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के विभिन्न राज्यों में स्थित क्षेत्रीय केंद्र एवं सभी अध्ययन केंद्र भी बंद रहेंगे एवं इनके द्वारा दी जाने वाली शिक्षार्थी सहायता सेवाएं भी स्थगित रहेंगी । 17 मई 2020 के पश्चात सरकार या विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार क्षेत्रीय केंद्र व अध्ययन केन्द्र पुनः संचालित किये जायेंगे (अथवा बंद रहेंगे)। इस बात की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट एवं इग्नू क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी जाएगी।**

**शिक्षार्थियों से अनुरोध है कि जब तक इग्नू क्षेत्रीय केंद्र एवं अध्ययन केंद्र पुनः संचालित नहीं होते तब तक वे अपने घरों में सुरक्षित रहते हुए, घर से ही ऑनलाइन माध्यम में उपलब्ध विभिन्न वैकल्पिक साधनोंसे अपना अध्ययन कार्य जारी रखें।**

**इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों के अध्ययन हेतु उपयोगी निर्देश एवं संसाधन विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराये गएँ हैं। शिक्षार्थियों से अनुरोध है कि नीचे दी गयीजानकारीएवं निर्देश ध्यानपूर्वक पढ़े। शिक्षार्थी कृपया इन प्लेटफॉर्म के नाम, लिंक एवं उपयोग का तरीका नोट कर लें। इन वेबसाइट /लिंक/ऐप को अपने मोबाइल पर इंस्टॉल कर लें या होमस्क्रीन पर इनका लिंक सेव कर लें (Add to Home Screen) जिससे आप समय समय पर इनको देखकर स्वयं से संबंधित अपडेट्स प्राप्त कर सकें।**

## शिक्षार्थियों हेतु उपयोग के उद्देश्य के अनुसार इग्नू के विभिन्न ऑनलाइन प्लेटफॉर्म/साधनो को निम्नलिखित वर्गों में दर्शाया गया है

1. **पंजीकरण एवं कार्यक्रम सम्बंधित व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने हेतु**
2. **सत्रांत परीक्षा एवं पुनःपंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने हेतु**
3. **इग्नू द्वारा शिक्षार्थियों हेतु निर्गत महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं अपडेट्स जानने हेतु**
4. **अध्ययन सामग्री की जानकारी प्राप्त करने हेतु**
5. **पाठ्यक्रम सम्बंधित ऑडियो-वीडियोदेखने-सुनने / कॉन्फ्रेंसिंग करने हेतु**
6. **शिक्षार्थियों द्वारा अपनी जिज्ञासा के समाधान हेतु**
7. **इग्नू द्वारा शिक्षार्थियों को व्यग्तिगत रूप से सूचित करने हेतु**
8. **अन्यमहत्वपूर्ण निर्देश**

## 1. पंजीकरण एवं कार्यक्रम सम्बंधित व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करनेहेतु

- **इग्नू स्टूडेंट ऐप (IGNOU Student App)**: इस ऐप को गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर( https://play.google.com/store/apps/details?id=com.ignou.studentsApp&hl=en ) अपने मोबाइल पर इनस्टॉल करें। फिर अपने एनरोलमेंट नंबर, प्रोग्राम कोड एवं जन्म तिथि भरकर इस ऐप पर अपना अकाउंट खोल लें। इस ऐप पर आप अपने पंजीकरण, आइ कार्ड, पाठ्य सामग्री, असाइनमेंट, ग्रेड कार्ड, परीक्षा फॉर्म लिंक एवं इग्नू वेबसाइट पर उपलब्ध अन्य सुविधायें व जानकारियां एक साथ एक स्थान पर पा सकते हैं। यह ऐप आप अपने मोबाइल परअवश्य रखें ।

- **इग्नू आई-डी कार्ड(IGNOU Student ID Card):**जिन शिक्षार्थियों ने जनवरी **2020** सत्र में ऑनलाइन माध्यम से एडमिशन लिया है वे अपने यूजर आई डी व पासवर्ड की सहायता से **एडमिशन पोर्टल / समर्थ पोर्टल** ( https://ignouadmission.samarth.edu.in/ )में प्रवेश कर अपना आई-डी कार्ड डाउनलोड कर उसका रंगीन प्रिंट ले लें। आई-डी कार्ड की डाउनलोड की गयी पीडीऍफ़ फाइल को खोलने हेतु अपना **10**अंकों वाला अनुक्रमांक या एनरोलमेंट नंबर पासवर्ड की तरह प्रयोग करें। **2020**से पूर्व प्रवेश पाए शिक्षार्थी, जिनका एनरोलमेंट नंबर 9 अंको वाला है,**समर्थ पोर्टल**के अंत में अंत में दिए गए लिंक( https://onlineadmission.ignou.ac.in/oldadmission/Login.aspx ) से आईडी कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं ।यदि फिर भी किसी कारण आप आईडी कार्ड डाउनलोड नहीं कर पा रहें हो तो इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून (rcdehradun@ignou.ac.in) को सहायता हेतु ईमेल भेजें। जिन शिक्षार्थियों ने ऑफलाइन मोड में एडमिशन लिया है वे अपने अध्ययन केंद्र या क्षेत्रीय केंद्र से इस हेतु संपर्क करें।

- **शिक्षार्थी पंजीकरण स्टैटस(Student Registration Status)**: इग्नू वेबसाइट पर उपलब्ध इस पेज ( http://admission.ignou.ac.in/changeadmdata/admissionstatusnew.asp ) पर आप अपने पंजीकरण से संबंधित जानकारी जैसे आपका नाम, पता, आपके द्वारा लिए गए विषय आदि डिटेल्स प्राप्त कर सकते हैं। आप इस पेज का प्रिंट आउट लेकर अपने पास रख लें। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Support > Student Zone > Registration Status)

- **असाइनमेंट प्रश्न पत्र (Assignment Question Paper):**इग्नू वेबसाइट पर उपलब्ध इस पेज ( https://webservices.ignou.ac.in/assignments/ )पर विभिन्न कार्यक्रमों के असाइनमेंट प्रश्नपत्र उपलब्ध होते हैं। शिक्षार्थी अपने कार्यक्रम, माध्यम व सत्र के अनुसार अपना प्रश्नपत्र डाउनलोड करें। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Support > Downloads > Assignments)

- **रिजल्ट एवं ग्रेड कार्ड(Result & Grade Card)**: इग्नू वेबसाइट पर उपलब्ध इस पेज (http://www.ignou.ac.in/ignou/studentzone/results/1) पर आपका सत्रांत परीक्षा का रिजल्ट एवं असाइनमेंट के अंक/ग्रेड की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Support > Student Zone > Results > Grade Card)

## 2. सत्रांत परीक्षा एवं पुनःपंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन करने हेतु

- **सत्रांत परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (Online Portal for applying for Term End Exams)**:इस पोर्टल ( http://exam.ignou.ac.in/ ) पर आप जून या दिसंबर में आयोजित की जाने वाली इग्नू की सत्रांत परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं इसके लिए ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। जून **2020**की सत्रांत परीक्षा हेतु **31 मई 2020** तक बिना विलम्ब शुल्क के शीघ्र आवेदन करें।

  **नोट:** जिन शिक्षार्थियों ने जुलाई 2019 सत्र में वार्षिक प्रणाली वाले कार्यक्रमों जैसे डिग्री /डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश लिया हैं एवं जिन शिक्षार्थियों ने जनवरी 2020 सत्र में 6 मासिक सर्टिफिकेट कार्यक्रमों एवं सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों (e.g. BCA, MCA, PGDCA, MP, MPB, PGDHRM, PGDMM, PGDOM, PGDFM, etc.) में प्रवेश लिया है वे जून 2020 की सत्रांत परीक्षा हेतु आवेदन कर सकते हैं। BAG, BCOMG व BSCG वाले शिक्षार्थी वार्षिक प्रणाली (Annual Pattern) के अनुसार ही परीक्षा हेतु आवेदन करेंगे।

- **पुनःपंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन पोर्टल (Online Portal for applying for Re-registration)**: इस पोर्टल( https://onlinerr.ignou.ac.in/ )पर आप द्वितीय/तृतीय/.. वर्ष या सेमेस्टर में पुनःपंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं एवं इसके लिए ऑनलाइन शुल्क जमा कर सकते हैं। जुलाई 2020 सत्र हेतु पुनःपंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है जो **30 जून 2020** तक (या विश्वविद्यालय के निर्णयानुसार)चलती रहेगी । नोट करें कि प्रथम वर्ष या प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा से पूर्व ही आपको द्वितीय वर्ष/सेमेस्टर हेतु पुनःपंजीकरण करना होता है, तभी आप जुलाई **2020** से द्वितीय वर्ष/सेमेस्टर में पंजीकृत हो पाएंगे।

  **नोट:** जिन शिक्षार्थियों ने जुलाई 2019 सत्र में वार्षिक प्रणाली वाले डिग्री कार्यक्रमों में प्रवेश लिया हैं एवं जिन शिक्षार्थियों ने जनवरी 2020 सत्र में 6 मासिक सेमेस्टर आधारित कार्यक्रमों (e.g. BCA, MCA, PGDCA, MP, MPB, PGDHRM, PGDMM, PGDOM, PGDFM, etc.) में प्रवेश लिया है वे जुलाई 2020 सत्र हेतु पुनः पंजीकरण कर सकते हैं। BAG, BCOMG व BSCG वाले शिक्षार्थी वार्षिक प्रणाली (Annual Pattern) के अनुसार ही पुनःपंजीकरण करेंगे।

## 3. इग्नूद्वारा शिक्षार्थियों हेतु निर्गत महत्वपूर्ण सूचनाओं एवं अपडेट्स जानने हेतु

- **इग्नू वेबसाइट (University Website)**: http://www.ignou.ac.in/विश्वविद्यालय की मुख्य वेबसाइट है जिसपर आपके अध्ययन से संबंधित अधिकांशजानकारियां एवं अपडेट्स उपलब्ध होते हैं। इसी वेबसाइट से विश्वविद्यालय के शिक्षार्थियों से सम्बंधित सभी ऑनलाइन पोर्टल जुड़े हैं। आप इस वेबसाइट के विभिन्न पेज का उपयोग जान लेंजो आपके अध्ययन के लिए बहुत आवश्यक हैं ।आप समय समय पर इस वेबसाइट के होमपेज पर या अनाउंसमेंट सेक्शन( http://www.ignou.ac.in/ignou/bulletinboard/announcements/latest) में विश्वविद्यालय द्वारा की गयी नयी घोषणाएं पढ़ सकते हैं।

- **इग्नू क्षेत्रीय केंद्रदेहरादून की वेबसाइट (Website of Regional Centre):**इस वेबसाइट ( http://rcdehradun.ignou.ac.in/) पर आप इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून एवं इसके अध्ययन केंन्द्रों से सम्बंधित जानकारिया, विश्वविद्यालय के महत्वपूर्ण नोटिस, विभिन्न कार्यक्रमों की समय सारणी आदि सूचनाएँ उपलब्ध हैं। आप इस वेबसाइट के अनाउंसमेंट (http://rcdehradun.ignou.ac.in/announcements/1) वाले पेज पर उपलब्धमहत्वपूर्ण घोषणायें एवं स्टूडेंट कार्नर के अंतर्गत काउंसलिंग शिड्यूलनामक लिंकपर दी गयी जानकारी को समय समयपर अवश्य देखते रहें (http://rcdehradun.ignou.ac.in/studentcorner/9)।

- **इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादूनका ट्विटर पेज (Twitter Page of IGNOU Regional Centre Dehradun):**इस पेज **(** https://twitter.com/dehradunignou**)**पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून द्वारा शिक्षार्थियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण नोटिस उपलब्ध करा दिए जाते हैं। आप इसे फॉलो करेंगे तो समय समय ट्विटर के माध्यम से आपको क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दी गयी महत्वपूर्ण सूचनाएं मिल जाएँगी। ट्विटर पर आप अपनी प्रतिक्रिया या प्रश्न भी लिख सकते हैं।**(You can access the page using Twitter Handle: @DehradunIgnou )**

- **इग्नू क्षेत्रीय केंद्रदेहरादून का फेसबुकपेज (Facebook Page of IGNOU Regional Centre Dehradun):** इस पेज **(**https://www.facebook.com/ignoudehradun/**)**पर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून द्वारा शिक्षार्थियों से सम्बंधित महत्वपूर्ण नोटिस उपलब्ध करा दिए जाते हैं। आप इसे फॉलो करेंगे तो समय समय फेसबुक के माध्यम से आपको क्षेत्रीय केंद्र द्वारा दी गयी महत्वपूर्ण सूचनाएं मिल जाएँगी।इस पेज पर आप अपनी प्रतिक्रिया या प्रश्न भी लिखकर भेज सकते हैं। **(You can access the page using User Name: @Ignoudehradun)**

- **इग्नू मुख्यालय का आधिकारिक फेसबुक पेज फेसबुकपेज (Official Facebook Page of IGNOU):** इस पेज **(**https://www.facebook.com/OfficialPageIGNOU/) पर इग्नू मुख्यालय द्वारा फेसबुक लाइव के माध्यम से नियमित रूप से प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के ऑनलाइन सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। शिक्षार्थी इन सत्रों के वीडियो इग्नू के आधिकारिक फेसबुक पेज पर देख सकते हैं। **(You can access the page using User Name:** @OfficialPageIGNOU **)**

## 4. अध्ययन सामग्री की जानकारी प्राप्त करने हेतु

- **अध्ययन सामग्री स्टेटस (Study Material Status):**इग्नू वेबसाइट पर उपलब्ध इस पेज ( http://ignou.ac.in/ignou/aboutignou/division/mpdd/material )पर विश्वविद्यालय द्वारा शिक्षार्थियों को भेजी गयी अध्ययन सामग्री (के बारे में जानकारी उपलब्ध है। आपअपने सत्र के लिंक पर जाकर अपना अनुक्रमांक टाइप कर यह जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Section>Study Material Status).अध्ययन सामग्री स्टेटस में पोस्ट ऑफिस द्वारा आपकी अध्ययन सामग्री भेजे जाने का ट्रैकिंग नंबर दिया होता है जिसे आप पोस्ट ऑफिस की वेबसाइट से ट्रैक करके इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यदि ट्रैकिंग में पैकेट रायपुर पोस्ट ऑफिस पर दिखाया जाता है तो इसका अर्थ है की आपके पते में त्रुटि होने के कारण आपका पैकेट इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, तपोवन, रायपुर रोड देहरादून को वापस आ गया है। लॉक डाउन समाप्त होने के पश्चात आपअपने पोस्ट-ऑफिस सेया ईमेल द्वाराइग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादून से अपने वापस हुए पैकेट के बारे में पता कर सकते हैं।

- **SMS द्वारा:**क्षेत्रीय केंद्र द्वारा आपकी अध्ययन सामग्री के वितरण के बारे में **SMS**द्वारा आपको सूचित किया जायेगा जिसमे दिए गए निर्देश का पालन करें। यदि अध्ययन सामग्री स्टेटस में यह लिखा हो कि **"Data sent to RC Dehradun (RC31)"** तो इसका अर्थ है कि यह सामग्री इग्नू क्षेत्रीय केंद्रदेहरादून द्वारा आपको दी जाएगी। यदि आपको अभी तक अध्ययन सामग्री नहीं मिली या अपूर्ण सामग्री मिली है तो लॉकडाउन अवधि समाप्त हो जाने के बाद इग्नू मुख्यालय के निर्देशानुसारआपको यह सामग्री दी जाएगी । **लॉक डाउन अवधि तक अध्ययन सामग्री दिए जाने का कार्य स्थगित रहेगा।**

- **इग्नू इ-कंटेंट मोबाइल ऐप (IGNOU e-Content Mobile App):**इस ऐप को आप गूगल प्ले स्टोर द्वारा ( https://play.google.com/store/apps/details?id=ac.in.ignou.Viewer&hl=en_US )अपने मोबाइल पर इंस्टॉल कर सकते हैं। इस ऐप पर लगभग सभी कार्यक्रमों की अध्ययन सामग्री ऑनलाइन माध्यम में उपलब्ध है जिसे आप आसानी से पढ़ सकते हैं। यह ऐप आप अपने मोबाइल परअवश्य इनस्टॉल करें।

- **ई-ज्ञानकोष पर इग्नू की अध्ययन सामग्री (Self-Learning Material of IGNOU on eGyankosh):**इग्नू वेबसाइट से जुड़े इस पोर्टल ( http://www.egyankosh.ac.in/handle/123456789/1 ) पर विश्वविद्यालय द्वारा लगभग सभी कार्यक्रमों की पाठ्य-सामग्री पीडीएफ फाइल के रूप में उपलब्ध है जिसे आप कोर्स कोड टाइप कर खोज सकते हैं एवं डाउनलोड कर इनका प्रिंट आउट भी ले सकते हैं। इसमें अध्ययन सामग्री की यूनिट अलग अलग पीडीऍफ़ फाइल के रूप में डाउनलोड की जा सकती हैं।जबतक कोरोना संक्रमण के कारण क्षेत्रीय केंद्र बंद हैं, तब तक आपको अध्ययन सामग्री प्रेषित नहीं की जा सकेगी। अतः आप ई-ज्ञानकोष या इग्नू ई-कंटेन्ट मोबाइल ऐप से से अपनी अध्ययन सामग्री डाउनलोड कर अध्ययन प्रारम्भ करें।

## 5. पाठ्यक्रम सम्बंधित ऑडियो-वीडियो देखने-सुनने / कॉन्फ़्रेंसिंग करने हेतु

- **इग्नू मुख्यालय का आधिकारिक फेसबुक पेज फेसबुकपेज (Official Facebook Page of IGNOU):** इस पेज **(**https://www.facebook.com/OfficialPageIGNOU/) पर इग्नू मुख्यालय द्वारा फेसबुक लाइव के माध्यम से नियमित रूप से प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के ऑनलाइन सत्र आयोजित किये जा रहे हैं। शिक्षार्थी इन सत्रों के वीडियो इग्नू के आधिकारिक फेसबुक पेज पर देख सकते हैं। **(You can access the page using User Name:** @OfficialPageIGNOU **)**

- **इग्नू यू-ट्यूब वीडियो (IGNOU You Tube Videos):** ई-ज्ञानकोष पर उपलब्ध इस पोर्टल ( http://egyankosh.ac.in/handle/123456789/35033 ) पर विश्वविद्यालय द्वारा अनेक कार्यक्रमों की पाठ्य-सामग्री पर आधारित यू-ट्यूब वीडियो उपलब्ध कराई गयी हैं। ये वीडियो विशेषज्ञों द्वारा बनायीं गयी हैं। आप अपने अध्ययन हेतु इनका भी प्रयोग करें। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Section > IGNOU Online>eGyankosh> IGNOU You Tube Videos)

- **ज्ञानदर्शन टी वी चैनल(GyanDarshan TV Channel):** इस चैनल पर इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों पर समय समय विशेषज्ञों द्वारा टेलीकांफ्रेंसिंग के माध्यम से परामर्श सत्र आयोजित किये जाते हैं। इन कार्यक्रमों की रूपरेखा इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के फेसबुक पेज पर प्रतिदिन उपलब्ध कराई जा रही है। इन चैनल के कार्यक्रमों को मोबाइल या कंप्यूटर पर ऑनलाइन माध्यम ( http://www.ignouonline.ac.in/gyandarshan/ ) से भी देखा जा सकता है। इस वेबसाइट पर पूरे महीने के कार्यक्रमों की समय सारणी उपलब्ध है जिसे देखकर शिक्षार्थी अपने से सम्बंधित कार्यक्रम के टेलीकांफ्रेंसिंग सत्र देख सकते हैं। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Section>IGNOU Online> Education Broad Cast >GyanDarshan)

- **ज्ञानवाणी एवं ज्ञानधारा(Gyan Vani and GyanDhara)**: ज्ञानवाणी रेडियो, जिसका प्रसारण देश के अनेक बड़े शहरों में एफ एम रेडियो के माध्यम से होता है, पर इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों पर नियमित रूप से परामर्श सत्र आयोजित किये जाते हैं। ज्ञानवाणी के कार्यक्रम ज्ञानधारा इंटरनेट ऑडियो काउंसलिंग सेवा जो इग्नू ऑनलाइन लिंक ( http://ignouonline.ac.in/Gyandhara/ ) पर उपलब्ध है द्वारा देश के किसी भी हिस्से से सुने जा सकते हैं। ज्ञानधारा सुनने के लिए आपको अपने मोबाइल पर पफिन ब्राउसर (Puffin Browser) इनस्टॉल करें एवं उसपर ज्ञानधारा के लिंक को खोलकर ऑडियो कार्यक्रम सुनें। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Section > IGNOU Online> Education Broad Cast >GyanDhara)

- **वेब-कॉन्फ्रेंसिंग (Web Conferencing):** इग्नू (मुख्यालय एवं क्षेत्रीय केंद्र) द्वारा समय समय पर विभिन्न कार्यक्रमों से सम्बंधित परिचय सत्र (इंडक्शन मीटिंग) एवं काउंसलिंग सत्रों का ज़ूम (Zoom), इस्काइप (Skype) एडोब कनेक्ट (Adobe Connect), फेसबुक लाइव (Facebook Live) आदि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स / ऐप के द्वारा आयोजन किया जा सकता है। इनकी सूचना SMS व ईमेल के माध्यम से आपको दी जाएगी। सूचना मिलने पर आप दिए गए निर्देशानुसार इन ऐप्स को मोबाइल /लैपटॉप पर इनस्टॉल करके इन सत्रों में अवश्य सम्मिलित हों।इस प्रकार आयोजित की जाने वाली वेब-कॉन्फ्रेंसिंग की सूचना क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट के स्टूडेंट कार्नर के अंतर्गत काउंसलिंग शिड्यूल (http://rcdehradun.ignou.ac.in/studentcorner/9) नामक लिंकपर उपलब्ध कराई जाएगी अतः आप स्वयं इस लिंक पर अपने कार्यक्रम से सम्बंधित सूचना पर नजर रखें।

## 6. शिक्षार्थियों द्वारा अपनी जिज्ञासा के समाधान हेतु

- **इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देहरादूनका ईमेल** (rcdehradun@ignou.ac.in)**:** यदि आपको अपने अध्ययन सम्बंधित कोई जानकारी चाहिये या किसी समस्या का समाधान चाहते हो तो इस कार्य हेतु आप क्षेत्रीय केंद्र न जाएँ बल्कि ईमेल के द्वारा अपनी बात हम तक पहुचायें। जब आप हमें ईमेल भेजते हैं तो उसमे अपनी समस्या /जिज्ञासा लिखने के पश्चात अपना पूरा नाम, कार्यक्रम नाम, अनुक्रमांक, फ़ोन नंबर एवं अपने अध्ययन केंद्र या शहर/जिले का नाम भी लिखकर अवश्य भेजें।

- **अध्ययन केंद्रों की ईमेल :**आप अध्ययन केंद्र से भी फ़ोन के बजाय ईमेल द्वारा संपर्क करें। सभी अध्ययन केंद्रों की ईमेल आई-डी इग्नू क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट (http://rcdehradun.ignou.ac.in/ )पर स्टडी सेंटर पेज पर एवं नीचे दी गयी लिस्ट में दिए गए हैं।

| क्रम | अ.कें.कोड | अध्ययन केंद्र नाम | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|
| 1 | **2705** | DAV PG College, Dehradun | dr.veer.economics@gmail.com |
| 2 | **2711** | MBPG College Haldwani | kamruddin.2010@yahoo.com |
| 3 | **2715** | Govt PG College Gopeshwar | bpdevali@gmail.com |
| 4 | **2717** | SSJ Campus, Kumaon Univ., Almora | bhaskareducator@gmail.com |
| 5 | **2726** | Govt PG College Pithoragarh | girishpant99@rediffmail.com |
| 6 | **2748** | Govt PG College Uttarkashi | mptiwari90@gmail.com |
| 7 | **2752** | HNB Garhwal Univ., Srinagar | ignou2752@gmail.com |
| 8 | **2754** | Govt PG College, Kotdwar | swatinegi2008@gmail.com |
| 9 | **2762** | DSB Campus, Kumaon Univ., Nainital | l_tewari@rediffmail.com |
| 10 | **31017** | DBS PG College, Dehradun | anilpaldbs@gmail.com |
| 11 | **31031** | Govt PG College Agastyamuni | ignou31031@gmail.com |
| 12 | **31033** | SBS Govt PG College Rudrapur | anchalesh_kr@yahoo.com |
| 13 | **31034** | RH Govt PG College, Kashipur | hem_lata2007@yahoo.com |
| 14 | **3708** | Govt PG College, Champawat | gpgc.cpt@gmail.com |
| 15 | **3715** | GBPUAT, Pantnagar | ignousc3715@gmail.com |
| 16 | **2758, 3706, 3712, RC31** (BCA/MCA Students of Dehradun): Student queries being directly dealt by IGNOU Regional Centre Dehradun at present. | | ignouddn.study@gmail.com |

**नोट :** उपरोक्त ईमेल आईडी पर असाइनमेंट न भेजें। असाइनमेंट जमा करने हेतु हर अध्ययन केंद्र की दूसरी ईमेल आईडी है जिसका विवरण इग्नू देहरादून की वेबसाइट अनाउंसमेंट पेज पर 5 अप्रैल 2020 के नोटिस (http://rcdehradun.ignou.ac.in/announcements/1 )पर दिया गया है।

- **आईग्राम (iGram) द्वारा :** यदि आपकी अध्ययन सम्बंधित किसी शिकायत या समस्या का समाधान ईमेल या फ़ोन द्वारा न हो पाए तो आप इग्नू की मुख्य वेबसाइट पर उपलब्ध शिक्षार्थी समस्या निवारण पोर्टल अर्थात आईग्राम(http://igram.ignou.ac.in/ ) पर अपनी समस्या का उल्लेख करें। विश्वविद्यालय द्वारा आपकी समस्या का निवारण या समाधान प्राथमिकता के साथ किया जायेगा। (लिंक तक पहुंचने का रास्ता IGNOU Website> Student Support >Student Grievances)

## 7. इग्नू द्वारा शिक्षार्थियों को व्यग्तिगत रूप से सूचित करने हेतु

- **एस.एम.एस (SMS) द्वारा :**इग्नू क्षेत्रीय केंद्र द्वारा **SMS**के माध्यम से शिक्षार्थियों को उनसे सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं समय समय पर भेजी जाती हैं। इसके लिए यह आवश्यक है कि आप इग्नू द्वारा भेजे गए **SMS**ध्यान से पढ़े व उनका पालन करें। यदि आपका फ़ोन नंबर परिवर्तित होता है तो इसकी सूचना ईमेल (rcdehradun@ignou.ac.in ) के माध्यम से इग्नू क्षेत्रीय केंद्र तक अवश्य पहुचायें।

- **ईमेल (Email) द्वारा :**इग्नू क्षेत्रीय केंद्र द्वारा ईमेल (rcdehradun@ignou.ac.in ) के माध्यम से भी शिक्षार्थियों को उनसे सम्बंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं भी समय समय पर भेजी जाती हैं। इसके लिए यह आवश्यक है कि आप इग्नू द्वारा भेजे गएईमेल ध्यान से पढ़े व उनका पालन करें। यदि आप अपने ईमेल आई डी में परिवर्तन चाहते हैं तो इसकी सूचना ईमेल के माध्यम से इग्नू क्षेत्रीय केंद्र तक अवश्य पहुचायें।

## 8. अन्यमहत्वपूर्ण निर्देश

- **जून 2020 की सत्रांत परीक्षा हेतु आवेदन:** जिन शिक्षार्थियों का जुलाई **2019** में नवीन प्रवेश (एडमिशन) या द्वितीय / तृतीय/.. वर्ष या सेमेस्टर में पुन:पञ्जीकरण हुआ है या जनवरी **2020** में **6** माह वाले कार्यक्रमों में नवीन प्रवेश या पुनः पंजीकरण हुआ है उनकी सत्रांत परीक्षाएं जून 2020 में आयोजित की जाती हैं। हालाँकि इस वर्ष कोरोना महामारी के कारण जून **2020** में आयोजित की जाने वाली सत्रांत परीक्षाएं फ़िलहाल स्थगित की जा चुकी हैं। परीक्षाओं की संशोधित तिथि की घोषणा परीक्षाओ से 15 दिन पूर्व की जाएगी। ऐसे शिक्षार्थियों को इन परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिये **31 मई 2020** तक बिना विलम्ब शुल्क के **परीक्षा का ऑनलाइन आवेदन फॉर्म** ( http://exam.ignou.ac.in/ ) भरना होगा एवं अपने सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) जमा करने होंगे।

- **जून 2020 की सत्रांत परीक्षा के असाइनमेंट जमा करने हेतु:** कोरोना आपदा के कारण इस सत्र में सत्रीय कार्य (असाइनमेंट) हार्ड कॉपी या पेपर फॉर्म में जमा नहीं किये जायेंगे। शिक्षार्थियों को अपने हस्तलिखित असाइनमेंट्स ईमेल के द्वारा इग्नू को **31 मई 2020** तक भेजना होगा। इस सम्बन्ध आवश्यक निर्देश एवं ईमेल आई डी (जिसपर असाइनमेंट फाइल भेजी जानी है) की सूचना क्षेत्रीय केंद्र की वेबसाइट के अनाउंसमेंट पेजपर उपलब्ध है (http://rcdehradun.ignou.ac.in/announcements/1 )।

**अंत मेंसभी शिक्षार्थियों से पुनः अनुरोध है कि वे नियमित रूप से निम्लिखित ऑनलाइन प्लेटफार्म को देखते रहें एवं उनपर उपलब्ध जानकारी का अपने अध्ययन में उपयोग करें:-**

- **Main website of IGNOU**
  (http://www.ignou.ac.in/)

- **Website of IGNOU Regional Centre Dehradun:**
  Particularly See **Announcement** and **News & Events** Pages:
  (http://rcdehradun.ignou.ac.in/ )

- **Official Facebook Page of IGNOU**(@OfficialPageIGNOU)
  (https://www.facebook.com/OfficialPageIGNOU/)

- **Facebook Page of IGNOU Regional Centre Dehradun** (@ignoudehradun)
  (https://www.facebook.com/ignoudehradun/ )

- **Twitter Page of IGNOU Regional Centre Dehradun** (@DehradunIgnou)
  (https://twitter.com/DehradunIgnou/)

शुभकामनाओं सहित

**क्षेत्रीय निदेशक**
**इग्नू क्षेत्रिय केंद्र देहरादून**